CPCB

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)

परिवेश भवन, पूर्व अर्जुन नगर, दिल्ली – 110032.

दिनांकः 14.10.2022

कार्यालय आदेश

श्रीमती शशि गोयल, आंकड़ा प्रसंस्करण सहायक, सुश्री पूजा रानी, आंकड़ा प्रसंस्करण सहायक, श्री भगवत सिंह शाही, ऑंकड़ा प्रविष्टि प्रचालक एवं श्री रुपेन चंद, अवर श्रेणी लिपिक को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली के दिनांक 02.09.1976 का कार्यालय ज्ञापन सं. 12014/2/76-रा.भा. (डी.) सपठित हिंदी शिक्षण योजना (हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण स्कंध), आर.के. पुरम, नई दिल्ली के दिनांक 23.11.2021 के पत्र सं.-13/1/2021.उ.नि.(टं./आ.)/1257-1356 और दिनांक 01.06.2021 पत्र सं.-13/1/2021.उ.नि.(टं./आ.)/587-606 के अधीन संचालित हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने पर निम्नानुसार वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है:-

i. श्रीमती शशि गोयल, ऑंकड़ा प्रसंस्करण सहायक को प्रतिमाह 2000/- रु. (दो हजार रुपए), सुश्री पूजा रानी, ऑंकड़ा प्रसंस्करण सहायक को प्रतिमाह 1600/- रु. (सोलह सौ रुपए), श्री रुपेन चंद, अवर श्रेणी लिपिक को प्रतिमाह 1100 रु./- (ग्यारह सौ रुपए) की राशि 12 माह की अवधि के लिए अर्थात् 01 सितंबर, 2022 से 31 अगस्त, 2023 तक एक अग्रिम वेतनवृद्धि वैयक्तिक वेतन के रुप में प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

ii. श्री भगवत सिंह शाही, आं.प्रवि. प्रचालक को प्रतिमाह 1500/- रु. (पंद्रह सौ रुपए) की राशि 12 माह की अवधि के लिए अर्थात् 01 मार्च, 2022 से 28 फरवरी, 2023 तक एक अग्रिम वेतनवृद्धि वैयक्तिक वेतन के रुप में प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

iii. इसके साथ ही, श्रीमती शशि गोयल, ऑंकड़ा प्रसंस्करण सहायक को 2400/- (चौबीस सौ रुपए), सुश्री पूजा रानी, ऑंकड़ा प्रसंस्करण सहायक को 800/- रु. (आठ सौ रुपए) श्री भगवत सिंह शाही, आं.प्रवि. प्रचालक को 800/- (आठ सौ रुपए) तथा श्री रुपेन चंद, अवर श्रेणी लिपिक को 2400/- (चौबीस सौ रुपए) की नकद पुरस्कार राशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

iv. नकद पुरस्कार एवं वैयक्तिक वेतन प्राप्त उक्त कर्मचारीगण अपना समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में निष्पादित करेंगे।

02. यह कार्यालय आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

(सुनील कुमार आनंद)
प्रशासनिक अधिकारी (का.)

सेवा में,

1. श्रीमती शशि गोयल, आंकड़ा प्रसंस्करण सहायक – सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग
2. सुश्री पूजा रानी, आंकड़ा प्रसंस्करण सहायक – सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग
3. श्री भगवत सिंह शाही, आं.प्रवि. प्रचालक – वित्त एवं लेखा प्रभाग
4. श्री रुपेन चंद, अवर श्रेणी लिपिक – वित्त एवं लेखा प्रभाग

प्रतिलिपिः

1. अध्यक्ष, केंद्रीय बोर्ड के निजी सहायक - सादर सूचनार्थ।
2. प्रशासनिक अधिकारी, सदस्य सचिव अनुभाग - सादर सूचनार्थ।
3. प्रभारी, वित्त एवं लेखा प्रभाग - कृपया यह खर्च गैर योजना बजट शीर्ष के उप-शीर्ष वेतन एवं भत्ते में समायोजित किया जाए।
4. प्रभारी, वित्त एवं लेखा प्रभाग - सूचनार्थ।
5. प्रभारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग - सूचनार्थ।
6. प्रभारी, राजभाषा प्रभाग - सूचनार्थ।
7. प्रभारी, सूचना एवं प्रौद्योगिकी प्रभाग - कृपया इसे केंद्रीय बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करें।
8. संबंधित कर्मचारी के वैयक्तिक फाइल
9. प्रशासनिक अधिकारी (का.) की मास्टर फाइल

प्रशासनिक अधिकारी (का.)